ई–मेल

बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना–800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

पत्रांक:–ब०–2 / विविध–14 / 2019–निर्वा० 598 पटना, दिनांक 17 फरवरी, 2020 ई0।

प्रेषक,

आलोक कुमार,
उप सचिव।

सेवा में,

सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–जिला पदाधिकारी,
बिहार राज्य।

विषय:– वित्तीय वर्ष 2019–20 में मांग सं0–06, मुख्य शीर्ष 2015–निर्वाचन अंतर्गत अतिरिक्त की अधियाचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वित्तीय वर्ष 2019–20 में मांग सं0–06, मुख्य शीर्ष 2015–निर्वाचन अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन, 2019 के अवसर पर अर्द्धसैनिक बलों पर व्यय विपत्र कोड 06–2015001050005 के कार्यालय व्यय तथा वाहन का ईंधन एवं रख–रखाव / स्थापना विपत्र कोड 06–2015001020001 संविदा सेवाएँ मद में विभिन्न जिलों द्वारा अतिरिक्त राशि की अधियाचना प्राप्त हुई है। इसके अलावे मतदाता पहचान पत्र तथा निर्वाचक सूची का मुद्रण एवं प्रकाशन मद में भी कतिपय जिलों द्वारा अतिरिक्त राशि की अधियाचना प्राप्त हो रही है। उल्लेखनीय है कि उन अधियाचित इकाईयों में बजट उपबंध शेष कम होने के कारण अतिरिक्त राशि का उपबंध पुनर्विनियोग के माध्यम से किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि मांग सं0–06, मुख्य शीर्ष निर्वाचन अंतर्गत जिस लघु / उपशीर्ष / विषय शीर्ष में अतिरिक्त राशि की आवश्यकता है नियमानुसार उसकी अधियाचना दिनांक–20.02.2020 तक निश्चित रूप से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, ताकि उस पर समेकित रूप से विचार किया जा सके।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन,
14.2.2020
(आलोक कुमार)
उप सचिव।

ज्ञाप संख्या :– 598 पटना, दिनाक 17 फरवरी, 2020 ई0।

प्रतिलिपि:– सभी उप / प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार राज्य को सूचना एवं अनुपालन हेतु प्रेषित।

14.2.2020
(आलोक कुमार)
उप सचिव।